प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज प्रदेश दौरे पर–कोटपूतली–बहरोड़ में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वक्फ संशोधन विधेयक को मंजूरी दी–ये बिल अब कानून बन गया हैं
- राज्य में तेज गर्मी का असर –कई स्थानों पर लू की चेतावनीं
- जैसलमेर में राज्यपक्षी गोडावण के संरक्षण के प्रयास कारगर–सम ब्रीडिंग सेंटर में तीन चूजों का जन्मं

.......................................................................

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज प्रदेश दौरे पर हैं श्री शाह कोटपूतली–बहरोड़ जिले के बावडी स्थित बाबा बालनाथ आश्रम में एक धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगें हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर गृह मंत्री **सनातन सम्मेलन** को भी संबोधित करेंगें

.......................................................................

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने **वक्फ संशोधन विधेयक** को मंजूरी दे दी हैं राष्ट्रपति ने **मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक, 2025** को भी स्वीकृति दे दी हैं इसके साथ ही केन्द्र सरकार ने इनकी अधिसूचना जारी की और अब ये दोनो विधेयक कानून बन गये हैं इनका उद्देश्य वक्फ सम्पत्तियों के दुरूपयोग और अतिक्रमण को रोकना हैं वक्फ संशोधन विधेयक संसद ने इसी सप्ताह पारित किया थां लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थें राज्यसभा में 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया थां

.......................................................................

भारतीय जनता पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही हैं इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराएंगें राज्यस्तरीय कार्यक्रम जयपुर में भाजपा कार्यालय में रखा गया हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सहित मंत्री और विधायक भी इसमें शामिल होंगें स्थापना दिवस कार्यक्रमों की श्रंखला 13 अप्रैल तक चलेगीं

.......................................................................

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल अलवर में श्रमजीवी पत्रकार संघ के सम्मेलन में शिरकत कीं इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका हैं उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन आने वाले समय में एक अहम कदम साबित होगां बार–बार चुनाव होने और आदर्श आचार संहिता लगने से शासन प्रशासन तथा जनता के काम प्रभावित होते हैं इस अवसर पर जिले के 18 पत्रकारों को सम्मानित भी किया गयां केन्द्रीय मंत्री ने एक अन्य कार्यक्रम में अलवर में प्रताप बंध से करणी माता मंदिर तक बनी सड़क का लोकार्पण भी कियां उन्होंने जिले को पर्यटन हब बनाने की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की भी सराहना कीं श्री यादव ने यूआईटी की ओर से बाला किला में तैयार किये गये वेपन म्यूजियम को भी देखां उन्होंने कहा कि संग्रहालय के माध्यम से लोग एतिहासिक हथियारों को देख सकेंगें

.......................................................................

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सीएसआर फण्ड से करीब डेढ करोड़ रूपये जारी किये हैं इस राशि का उपयोग प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए किया जायेगां चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि सीएसआर फण्ड से जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पेयजल व्यवस्था बेहतर करने सहित कई काम करवाये जायेंगें

.......................................................................

प्रदेश के कई जिलों में आज तेज गर्मी और लू को लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया हैं अधिकतर स्थानों पर दिन और रात के तापमान में बढोतरी के आसार हैं वहीं कुछ शहरों में लू

तो कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने की संभावना हैं बीते 24 घंटों में 6 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार दर्ज हुआं वहीं 11 शहरों का रात का पारा 20 डिग्री के पार रहां बाड़मेर और चित्तौड़गढ़ जिलों में कहीं कहीं हीट वेव दर्ज की गई बाडमेर में दिन का तापमान 43 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस मापा गयां लू के थपेडों के कारण जनजीवन प्रभावित है और बाजारों में चहल पहल कम हो गई हैं जालौर में भी लोग तेज गर्मी से परेशान हो रहे हैं

.........................................................................

हनुमानगढ में गर्म हवायें चल रही हैं बढती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर जरूरी दवाईयां रखने के निर्देश दिए हैं

.........................................................................

रामनवमी का पर्व आज परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा हैं यह त्योहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम के अवतरण का प्रतीक हैं रामनवमी चैत्र माह की नौवीं तिथि को मनाई जाती हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन सत्य, धर्म और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता हैं प्रधानमंत्री ने देशवासियों को रामनवमी की बधाई दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कामना की कि प्रभु श्रीराम का आशीष सभी पर बना रहे और हमारा पथ–प्रदर्शन करता रहें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामनवमी के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय हैं समूचे जनमानस के लिए भगवान राम प्रेरणा स्रोत हैं

रामनवमी के अवसर पर प्रदेशभर में मेले, शोभायात्राएं और अन्य धार्मिक आयोजन हो रहे हैं जैसलमेर जिले के रामकुंडा के प्राचीन राममंदिर में आकर्षक सजावट की गई हैं ब्रज क्षेत्र भरतपुर में भी रामनवमी का उल्लास छाया हुआ हैं शहर में सुबह प्रभात फेरी निकाली गयीं

.........................................................................

जैसलमेर में राज्यपक्षी गोडावण के संरक्षण के लिए किये जा रहे प्रयास कारगर साबित हो रहे हैं हाल ही में सम स्थित ब्रीडिंग सेंटर में गोडावण के तीन नन्हें चूजों का जन्म हुआ हैं इस सफलता से वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर हैं जिला वन अधिकारी बृज मोहन गुप्ता ने बताया कि गोडावण की संख्या में बढोतरी सुखद संकेत हैं इस साल अब तक 6 नन्हें गोडावण का जन्म हुआ हैं

.........................................................................

भारत के हितेश गुलिया ने विश्व मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हांसिल किया हैं ब्राजील में पुरुषों के 70 किलोग्राम भारवर्ग के फाइनल मे हितेश ने इंग्लैंड के ओडेल कामरा को एकतरफा मुकाबले में पांच–शून्य से हरायां

.........................................................................